4/ राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम (SCSIRT) के संचालक का चयन, अर्हताओं एवं सेवा शर्तों के निर्धारण के लिए राज्य शासन द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में निम्नांकित सदस्यों की एक चयन समिति गठित की जाती है:-

1)	अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव,वित्त विभाग	सदस्य
2)	प्रमुख सचिव/सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	सदस्य/समन्वयक
3)	प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम	सदस्य
4)	महानिदेशक/अतिरिक्त महानिदेशक, राज्य सायबर सैल	सदस्य
5)	राज्य सूचना अधिकारी, एनआईसी	सदस्य
6)	CERT-In के प्रतिनिधि	सदस्य

चयन समिति द्वारा राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम के संचालक के चयन उपरान्त नियुक्ति आदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी किया जायेगा।

5/ राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम के संयुक्त संचालक का चयन गृह विभाग द्वारा किया जायेगा तथा नियुक्ति का आदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जारी किया जायेगा।

6/ संचालक तथा संयुक्त संचालक के प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले पदों को छोडकर शेष 19 आउटसोर्स पदों के लिए चयन की प्रक्रिया, शर्तों, अर्हताओं आदि का निर्धारण विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा वित्त विभाग के परामर्श से किया जायेगा। तदोपरान्त इन पदों पर नियुक्ति संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम द्वारा की जायेगी।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अंजू पवन भदौरिया, उपसचिव.

परिशिष्ट-1

राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम (SCSIRT) के लिए स्वीकृत पदों का विवरण :-

A1 प्रशासकीय पद / पदनाम	पदों की संख्या	पदों का प्रकार	अनुमानित व्यय प्रति वर्ष प्रति मानव संसाधन (लाख रुपये में)	प्रति वर्ष मानव संसाधन के लिए संभावित लागत (लाख रुपये में)
संचालक (Level-16)	1	प्रतिनियुक्ति	25.40	25.40
संयुक्त संचालक (Level-14)	1	प्रतिनियुक्ति	21.30	21.30
लेखापाल	1	आउटसोर्स	1.48	1.48
संचार सलाहकार	1	आउटसोर्स	6.00	6.00
विधि सलाहकार	1	आउटसोर्स	9.00	9.00
कार्यालय सहायक	2	आउटसोर्स	1.32	2.65
भृत्य	2	आउटसोर्स	1.06	2.11
प्रोजेक्ट एक्ज़ीक्यूटिव	1	आउटसोर्स	3.00	3.00
परियोजना सहायक	2	आउटसोर्स	1.80	3.60
A1- कुल	12			74.54
तकनीकी पद/पदनाम				
प्रचालन प्रमुख (आपरेशन्स हेड)	1	संविदा/ आउटसोर्स	36.00	36.00
राज्य समन्वयक	1	संविदा / आउटसोर्स	30.00	30.00
संचालन दल				
टेक्नीकल लीड - साइबर सिक्युरिटी	1	आउटसोर्स	17.00	17.00
"सी.एस.आई.आर.टी." सेवाएं प्रदान करने वाले तकनीकी सीनियर सिक्यूरिटी इंसिडेंट रिस्पान्डर	1	आउटसोर्स	17.00	17.00
सिक्युरिटी इंसिडेंट रिस्पान्डर	4	आउटसोर्स	6.00	24.00
आई टी सिक्युरिटी एनालिष्ट	1	आउटसोर्स	17.00	17.00
A2-कुल	9			141.00
कुल- मानव संसाधन (A1+A2)	21			215.54

परिशिष्ट-2

विषयः-राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम (SCSIRT) के कार्य एवं उत्तरदायित्व।

राज्य शासन द्वारा गठित राज्य कम्प्यूटर सिक्युरिटी इंसीडेंट रिस्पॉस टीम (SCSIRT) के कार्य एवं उत्तरदायित्व निम्नानुसार होंगे:-

1. राज्य के भीतर आईटी सुरक्षा पहलुओं/विषयों के लिए केंद्रीयकृत रूप से समन्वय करना।
2. राज्य में साइबर सुरक्षा की घटनाओं, आशंकाओं पर प्रतिक्रिया और रोकथाम के लिए केन्द्र बिंदु और राज्य की जिम्मेदार एजेंसी के रूप में कार्य करना।
3. राज्य आईटी अधोसंरचना पर विशेष ध्यान देने के साथ आगामी साइबर खतरों का समन्वय, साझा, संग्रह, विश्लेषण और पूर्वानुमान।
4. CERT-In" के परामर्श से मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी), सुरक्षा नीतियां, घटना प्रतिक्रिया गतिविधियों के लिए सर्वोत्तम प्रबंध प्रणाली विकसित करना।
5. "CERT-In" से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार साइबर सुरक्षा के संबंध में समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश, परामर्शी निर्देश जारी करना।
6. CERT-In" के मार्गदर्शन में राज्य के आईटी बुनियादी ढांचे के लिए साइबर संकट प्रबंधन योजना (सी.सी.एम.पी-Cyber Crisis Management Plan) लागू करना।
7. "साइबर घटना की जानकारी प्राप्त होने पर संबंधित घटना के तथ्य एवं अन्य विवरण "CERT-In" और संबंधित प्राधिकारी/नियामकों के साथ साझा करना।
8. राष्ट्रीय/ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सायबर से संबंधित घटित घटनाओं के संबंध में आवश्यक अनुसंधान एवं समस्याओं के निराकरण के प्रयास करना तथा इस प्रकार के घटनाओं के लिए विभिन्न संस्थाओं से समन्वय स्थापित करते हुये "CERT-In" के मार्गदर्शन में कार्य करना।

9. आईटी सुरक्षा संबंधी प्रकरणों के समुचित प्रबंधन प्रणाली को विकसित करने के लिए विभागीय/ जिला स्तरीय व्यवस्था (System) के लिए सुझाव, परामर्श देना।
10. साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं साइबर ऑडिट, मूल्यांकन आदि के दृष्टिकोण में सुधार कार्य करना।
11. अनुसंधान संस्थान के सहयोग से साइबर सुरक्षा से संबंधित प्रासंगिक विषय (डोमेन) में अनुसंधान और विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देना।
12. CERT-In" और "National Critical Information Infrastructure Protection Centre (NCIIPC)" आदि प्राधिकारी संस्थाओं द्वारा समय-समय पर जारी किए गये परामर्शी निर्देशों के अनुसार साइबर सुरक्षा संबंधी कार्यों का निष्पादन।
13. "CSIRT से संबंधित समस्त डेटा भारतीय क्षेत्राधिकार में सुरक्षित संधारित करना।
14. SCSIRT द्वारा राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहलुओं, संवेदनशील/ विशेष आकस्मिक परिस्थितियों में संबंधित विषयों के लिए निर्णय लेने हेतु सशक्त एवं केन्द्रीकृत स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करेगा तथा निम्न विषयों पर यथोचित निर्णय लेने हेतु सक्षम होगा:-
 i. Major Cyber Attack जैसी Critical Condition में भारत सरकार CERT-In द्वारा प्राप्त निर्देशों पर क्रियान्वयन कर सकेगा।
 ii. ऐसी कोई Cyber Crisis/ Attack की घटनाएं जो SCSIRT के संज्ञान में आए अथवा राज्य की किसी, Critical application, Infra पर Cyber Attack जैसी Emergency एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर किसी IT Protected System

जो राज्य के लिए अति आवश्यक घोषित/ निर्धारित किया जाये उन मामलों में यथोचित निर्णय ले सकेगा।

iii. SCSIRT द्वारा उपरोक्त के संबंध में लिये गये निर्णय से राज्य शासन को एक कार्य दिवस के अन्दर अवगत करायेगा।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 14 दिसम्बर 2022

क्रमांक एफ 23-04/2021/18-6:- राज्य शासन एतद द्वारा निर्णय लिया गया है कि,

1 विभागीय संक्षेपिका दिनांक 07.11.2022 के साथ परिशिष्ट-1 पर संलग्न "मध्य प्रदेश आवास पुनर्विकास (Redevelopment) नीति, 2022" का अनुमोदन किया जावे।

2. उक्त नीति की कण्डिका क्रमांक 8.6 में वर्णित पुनर्विकास परियोजनाओं की व्यवहार्यता में सुधार किये जाने वाले उपायों के क्रियान्वयन हेतु संबंधित प्रशासकीय विभाग राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास तथा वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा अपने प्रचलित नियमों/प्रावधानों में संशोधन हेतु आवश्यक कार्यवाही की जावें।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शुभाशीष बैनर्जी, उपसचिव.

मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति–2022



विषयवस्तु (CONTENTS)

1. भूमिका
2. उद्देश्य
3. परिभाषाएं
4. पुनर्विकास परियोजना हेतु योग्यता
5. पुनर्विकास मॉडल
6. प्रक्रिया
7. क्रियान्वयन
8. सामान्य प्रावधान
9. नियोजन मानदण्ड तथा रूपांकन विमर्श
10. लाभार्थी/हितग्राही तथा आवंटन
11. रहवासी कल्याण संघ की भूमिका
12. अन्य दिशा–निर्देश
13. संस्थागत ढांचा

1. **भूमिका (Introduction)**

आवास, नागरिकों के कल्याण हेतु मूलभूत आवश्यकता है। आवासीय व्यवस्था में सुधार का परिणाम समग्र रूप से पारिवारिक विकास के रूप में प्रकट होता है। आवासीय व्यवस्था का परिपक्वन तथा जीर्णावस्था एक सामान्य नैसर्गिक प्रक्रिया है जो अधिकांश पुरानी भवन संरचनाओं में पाई जाती है। ऐसी पुरानी तथा जीर्णशीर्ण योजनाओं के कारण रहवासियों की जीवन–शैली जोखिमपूर्ण तथा अस्वस्थ होने लगती है। मध्यप्रदेश शासन का मत है कि राज्य में वर्तमान में अनेक जीर्ण–शीर्ण सार्वजनिक तथा निजी आवासीय योजनाएं हैं जिनकी मरम्मत किया जाना असंभव है तथा इन पर तत्काल ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। ऐसे प्रकरणों में जहां इकाईयों की मरम्मत एक व्यावहारिक विकल्प नहीं है वहां विद्यमान इकाईयों का पुनर्विकास किया जा सकता है। परन्तु ऐसी प्रक्रिया के क्रियान्वयन में वृहद् मात्रा में पूंजी निवेश तथा सन्निहित रहवासियों, निर्माण अभिकरण (एजेन्सी) तथा शासकीय अभिकरणों के मध्य अत्यधिक समन्वयन की आवश्यकता होगी। अतएव, ऐसी चुनौतियों पर काबू–पाने तथा नागरिकों को रहन–सहन का बेहतर स्तर प्रदान करने हेतु मध्यप्रदेश शासन *मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति, 2022* लागू करने की अभिलाषा रखता है।

आवास पुनर्विकास भवन परिसरों के पुनर्निमाण की ऐसी प्रक्रिया है जिसके अनुसार प्रयोज्य विकास विनियमों के अनुसार किसी विद्यमान संरचना का विध्वंस कर उसके स्थान पर नये भवन का निर्माण किया जाता है। ऐसे में पुनर्विकास/पुनर्निर्माण बिगड़ती हुई तथा जोखिमपूर्ण रहन–सहन की परिस्थितियों तथा अनेक पुरानी आवासीय संस्थाओं (सोसायटियों) की विकट वास्तविकता के निराकरण् का एक औचित्यपूर्ण समाधान है। इस प्रकार निष्पादित पुनर्विकास से विद्यमान अधोसंरचना के इसके उच्चतम क्षमता के उपयोग के साथ–साथ शहर के विकसित क्षेत्रों में इष्टतम पुनर्घनत्वीकरण होगा। यह अव्यवस्थित शहरी फैलाव को सीमित करने तथा नवीन अधोसंरचना का विस्तार करने/स्थापित करने की मांग को कम करने में भी सहायक होगा।

मध्यप्रदेश आवास पुनर्विकास नीति, 2022 के अधीन पुनर्विकास हेतु आवास निर्माण योजनाएं/परियोजनाएं सक्षम प्राधिकरणों द्वारा जिनमें मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधेसंरचना विकास मण्डल, मध्यप्रदेश राज्य के नगरीय निकाय, शहरी विकास प्राधिकरण अथवा निजी विकासकर्ता, आदि शामिल है, निम्नांकित नीति के अनुसरण द्वारा क्रियान्वित की जा सकती हैं :

2. **उद्देश्य (Objectives)**

2.1 नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन राज्य ने निम्नलिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सार्वजनिक–निजी भागीदारी (PPP) पद्धति के तहत या सार्वजनिक प्राधिकरणों या निजी डेवलपर द्वारा राज्य के शहरी क्षेत्रो में सार्वजनिक और निजी आवास योजनाओं के पुनर्विकास का प्रस्ताव किया है

(क) विद्यमान आवासीय समूह का पुनर्विकास तथा उन्नयन करना ;

(ख) संरचनात्मक सुरक्षित भवन तथा बेहतर प्रतिवेश प्रदान करते हुए विद्यमान रहवासियों के साथ–साथ नवीन रहवासियों के रहन–सहन के स्तर में सुधार लाना तथा जहां कहीं भी संभव हो अतिरिक्त किफायती आवासीय समूह का सृजन करना; और

(ग) उपलब्ध भूमि तथा अधोसंरचना को सर्वोत्तम विधि द्वारा उपयोग में लाना।

2.2 उपरोक्त उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु शासन पर नाममात्र के या बिना किसी वित्तीय बोझ के भी नीति का प्रयोजन निजी पूंजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

3. **परिभाषाएं (Definitions)**

3.1 **अतिरिक्त फर्श या निर्मित क्षेत्रफल (Additional Carpet Area)** से अभिप्रेत है लाभार्थियों/हितग्राहियों को विद्यमान अनुमोदित फर्श या निर्मित क्षेत्रफल के अलावा प्रदान किया गया अतिरिक्त फर्श या निर्मित क्षेत्रफल।

3.2 **किफायती आवासीय व्यवस्था (Affordable Housing)** को भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के आर्थिक विकास विभाग द्वारा राजपत्र अधिसूचना क्रमांक 84 दिनांक 5 अप्रैल, 2017 द्वारा एक गृह परियोजना के रूप में परिभाषित किया गया है जिसके अन्तर्गत तल क्षेत्र अनुपात (Floor Area Ratio-FAR) / तल स्थल सूचकांक (Floor Space Index-FSI) के 50% अंश को 60 वर्गमीटर से अनाधिक फर्श क्षेत्रफल (carpet area) से युक्त निवास इकाईयों (dwelling units) हेतु उपयोग में लाया जाता है। इस नीति के अधीन, इसी परिभाषा को या आर्थिक विकास विभाग द्वारा समय–समय पर अद्यतन की गई परिभाषा को मान्य किया जाएगा।

3.3 **अनुमोदित फर्श क्षेत्रफल (Approved Carpet Area)** से अभिप्रेत है पट्टाविलेख (lease deed)/ पंजीयन विलेख (registration document) या किसी अन्य वैधानिक प्रलेख के अनुसार क्षेत्रफल।

3.4 **लाभार्थी/हितग्राही (Beneficiaries)** से अभिप्रेत है क्रियान्वयन अभिकरण (implementing agency) का विधिसंगत पट्टाधारी या विद्यमान निवास इकाईयों का स्वामी। तथापि, भाड़ा आधार पर या अवैध ढंग से निवास कर रहे विद्यमान रहवासियों को लाभार्थी/हितग्राही नहीं माना जाएगा।

3.5 **प्रतिपूरक घटक (Compensatory Component - CC)** से अभिप्रेत है निर्मिति (built-up) या भूमि के रूप में क्षेत्र जिसका उपयोग पुनर्विकास परियोजना के निधीयन हेतु किया जाना अपेक्षित होता है (देखें इस नीति की कण्डिका 5.2.2)।

3.6 **निर्माण अभिकरण (Construction Agency)** से अभिप्रेत है पुनर्विकास परियोजना के निर्माण कार्य हेतु चयनित अभिकरण (एजेंसी)।

3.7 **विकासक (Developer)** से अभिप्रेत है प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना के समस्त घटकों हेतु निर्माण तथा विकास हेतु उत्तरदायी इकाई। किसी भी परियोजना हेतु विकासकर्ता निजी इकाई या शासकीय प्राधिकरण हो सकता है।

3.8 **जीर्ण–शीर्ण (Dilapidated)** से तात्पर्य है ऐसी भवन अवस्था जो उपयोग के लिये जोखिमपूर्ण होते हैं क्योंकि यह अवस्था इनमें अपक्षय या टूट–फूट होने के संकेत प्रदर्शित करती है तथा इनमें सुधार हेतु ऐसे प्रमुख मरम्मत कार्य किये जाने हेतु ऐसी परिस्थितियां निर्मित होती हैं जिसके अनुसार इनकी पुनर्स्थापना या मरम्मत किया जाना संभव नहीं होता। ऐसे में संबद्ध नगरीय निकाय द्वारा इन्हें जीर्ण–शीर्ण अवस्था में होना घोषित कर दिया जाता है।

3.9 **आवासीय योजना (Housing Scheme)** से अभिप्रेत है ऐसी आवासीय योजना जो नगर तथा ग्राम निवेश (T&CP) या नगरीय निकाय (Urban Local Body) या दोनों द्वारा अनुमोदित हो अथवा सरकारी विभाग द्वारा विकसित की गई हो, जिसमें भूमि के किसी अविभाजित भूखण्ड पर कई आवासीय इकाईयां का निर्माण समग्र एवं एकीकृत रूप से किया गया हो एवं जहां भूमि और भवन (व्यक्तिगत भवनों को छोड़कर) संयुक्त रूप से धारित किए जाते है। इकाईयों और सेवाओं का संयुक्त रूप से रखरखाव किया जाता है और निर्माण एक संयुक्त इकाई के रूप में किया जाता है।

3.10 **क्रियान्वयन अभिकरण (Implementing Agency)** से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल/नगरीय निकाय/शहरी विकास प्राधिकरण/अन्य कोई सक्षम प्राधिकरण जो किसी सार्वजनिक आवास योजना हेतु भूमि स्वामित्व अधिकार या पट्टा स्वामित्व धारित करता हो। इस नीति के अधीन क्रियान्वयन अभिकरण (Implementing Agency) को सदैव शासकीय अभिकरण के रूप में उल्लेखित किया जाएगा।

3.11 **अधिमूल्य (Premium)** से अभिप्रेत है क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा पुनर्विकास परियोजना हेतु आमन्त्रित की गई बोलियों की प्रतिक्रिया में जन–निजी भागीदारी विकासकर्ता द्वारा उद्धरित की गई वित्तीय राशि।

3.12 **निजी आवासीय योजना (Private Housing Scheme)** से अभिप्रेत है किसी निजी अभिकरण द्वारा विकसित की गई आवासीय योजना जहां भूमि स्वामित्व अधिकार या पट्टा स्वामित्व अधिकार शासकीय प्राधिकरण के पास नहीं होते। नीति के अन्तर्गत केवल ऐसी आवासीय योजनाओं पर ही विचार किया जा सकता है जहां रहवासी कल्याण संघ (Resident Welfare Association) अथवा पंजीकृत रहवासी समिति (सोसायटी) अथवा सहकारी गृह निर्माण समिति (सोसायटी) अस्तित्व में है।

3.13 **सार्वजनिक आवासीय योजना (Public Housing Scheme)** से अभिप्रेत है सामान्य रूप से आमजन हेतु किसी सार्वजनिक अभिकरण द्वारा विकसित की गई आवासीय योजना जहां भूमि स्वामित्व अधिकार या भूमि का पट्टा स्वामित्व योजना में निर्धारित की गई शर्तों के अध्यधीन शासकीय प्राधिकरण द्वारा निरन्तर धारित किया जाता है।

3.14 **पुनर्विकसित इकाईयों (Redeveloped units)** से अभिप्रेत है आवासीय तथा वाणिज्यिक इकाईयां जिन्हें पुनर्विकास परियोजना के लाभार्थियों/हितग्राहियों हेतु विद्यमान इकाईयों की प्रतिपूर्ति (Compensation)हेतु विकसित किया जाना प्रस्तावित अथवा निर्मित किया गया है।

3.15 **पुनर्विकास (Redevelopment)** से अभिप्रेत निर्मित संरचना तथा अधोसंरचना की पुनर्निर्माण प्रक्रिया से है।

3.16 **पुनर्विकास अनुबन्ध (Redevelopment Agreement)** से अभिप्रेत हैं लाभार्थियों/हितग्राहियों के प्रतिनिधियों अथवा लाभार्थियों/हितग्राहियों,क्रियान्वयन अभिकरण तथा विकासकर्ता के मध्य परियोजना के पुनर्विकास हेतु निष्पादित अनुबन्ध। यदि क्रियान्वयन अभिकरण को विकासकर्ता के रूप में नियोजित किया जाता हैतो ठेकेदार कथित अनुबन्ध में तृतीय पक्ष होगा।

3.17 **पुनर्विकास परियोजना (redevelopement project)** से अभिप्रेत है पुनर्विकास इकाइयों का निर्माण तथा साइट और बुनियादी ढांचे का विकास।

3.18 **आरक्षित मूल्य (Reserve Price)** से अभिप्रेत है पुनर्विकास योजना हेतु परिकलित राशि,जिसमें निर्माण लागत, पर्यवेक्षण प्रभारों, पुनर्स्थापना व्यय (relocation expense), परामर्शदाता शुल्क, वस्तु तथा सेवा कर (GST), को सम्मिलित किया जाएगा।

3.19 रहवासी कल्याण समिति **(Resident Welfare Association)** से अभिप्रेत 'संस्था', म.प्र. प्रकोष्ठ स्वामित्व नियम–2019 के खण्ड 2 (छ) या उसके बाद के संशोधन के अनुसार।

3.20 **तकनीकी परामर्शदाता (Technical Consultant)** से अभिप्रेत है क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा कण्डिका 7.2.3 में परिभाषित विस्तार क्षेत्र के अनुसार पुनर्विकास योजना को परिभाषित करने, तैयार करने, बोली प्रक्रिया प्रबन्धन के संचालन तथा पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त किया गया परामर्शदाता।

4. **पुनर्विकास परियोजना हेतु योग्यता (Eligibility for the redevelopment Project)**

4.1 सार्वजनिक और निजी आवासीय योजनाएं/परियोजनाएं जो कि नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 13 के अधीन घोषित किये गये निवेश क्षेत्रों में अवस्थित हो एवं कण्डिका 3.10 के अनुसार दी गई परिभाषा के अनुसार हो। मिश्रित योजनाऐं अर्थात जिनमें आवासीय के साथ गैर–आवासीय इकाईयॉ भी निर्मित की गई हो, के पुनर्विकास भी अनुमति है।

4.2 सार्वजनिक तथा निजी समूह आवासीय योजनाएं जिनका जीवनकाल 30 वर्षों (जिसकी गणना परियोजना को पूर्ण किये जाने के वर्ष से की जाएगी) से अधिक हो या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जीर्ण–शीर्ण घोषित किया जा चुका हो। (जीर्ण–शीर्ण भवन का जीवनकाल 30 वर्ष से कम भी हो सकता है) तथा जहां पंजीकृत रहवासी कल्याण संघ अस्तित्व में हो, को इस नीति के अधीन पुनर्विकास हेतु पात्रता होगी।

4.3 कण्डिका 4.1 एवं 4.2 के अधीन समस्त पात्र सार्वजनिक तथा निजी आवासीय योजनाओं पर पुनर्विकास परियोजना हेतु विचार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, इस नीति की कण्डिका 8.6.8 के अनुसार वे सभी आवासीय योजनाएं जिनका कुल भूमि क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर से अधिक है तथा पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12 मीटर है, प्रोत्साहन अनुज्ञेय तल क्षेत्र अनुसार (FAR) के लिए पात्रता रखेंगी।

4.4 सार्वजनिक तथा निजी आवास योजनाएं जो कि कण्डिका 4.1 एवं 4.2 के अधीन पात्र है परन्तु जिसका या तो कुल भूमि क्षेत्रफल 2500 वर्गमीटर से कम हो अथवा पहुंच मार्ग की न्यूनतम चौड़ाई 12 मीटर से कम हो अथवा दोनों हो ऐसी योजनाओं को नीति के अनुसार पुनर्विकसित किया जा सकता है। परन्तु ऐसी परियोजनाऐं कण्डिका 8.6.8 के अनुसार अनुज्ञेय तल क्षेत्र अनुसार (FAR) के लिए पात्र नही होगी।

4.5 यह नीति मास्टर प्लान में अथवा राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग या किसी अन्य सक्षम प्राधिकरण द्वारा परिभाषित धरोहर भवनों/परिक्षेत्र को लागू न होगी।

4.6 इस नीति के अधीन, सार्वजनिक आवास योजना पुनर्विकास के प्रकरण में यदि भूमि पूर्व में भू–स्वामी अधिकार पर हस्तांतरित हो तो पुनर्विकास के बाद सम्पत्ति को भू–स्वामी अधिकार पर हस्तांतरित किया जा सकेगा। किन्तु, पट्टा आधार पर आवंटित भूमि के लिए विकासकर्ता के पास सम्पत्ति हस्तांतरण के लिए दो विकल्प उपलब्ध होगें यानी पट्टा आधार पर अथवा भू–स्वामी अधिकार आधार पर हस्तांतरण करवा सकेगा।

4.7 सार्वजनिक तथा निजी आवास योजनाओं के पुनर्विकास के अन्तर्गत पुनर्विकसित इकाईयों को सीधे लाभार्थीयों को हस्तांतरित किया जाएगा तथा साझा क्षेत्र, अविभाजित भूमि एवं सुविधाओं और क्षेत्रों को रहवासी कल्याण संघ अथवा निष्पादित पुनर्विकास अनुबंध के अनुसार हस्तांतरित किया जाएगा। रहवासी कल्याण संघ को साझा क्षेत्र के हस्तांतरण के लिए किसी भी सरकारी विभाग द्वारा कोई शुल्क नही लगाया जाएगा।

4.8 लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयां वर्तमान परियोजना क्षेत्र (परियोजना भूमि का क्षेत्रफल कम या ज्यादा किया जा सकता है यदि रहवासी कल्याण संघ के सदस्यों की सहमति हो तो) पर ही प्रदान की जाएंगी जहां विद्यमान निवास इकाईयां (dwelling units) अवस्थित हैं। तथापि, कण्डिका 5.2.3 में उल्लेखित किये अनुसार अपवाद भी हो सकता है जिसके अनुसार लाभार्थियों/हितग्राहियों से सहमति प्राप्त करने के पश्चात् पुनर्विकसित इकाईयों को विभिन्न स्थान पर भी आवंटित किया जा सकेगा।

4.9 पुनर्विकसित इकाई को वर्तमान अवस्थिति में ही प्रदान किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी, अर्थात् वर्तमान तल (भूतल को छोड़कर) पर, दिशा, कोना तथा सड़क के सामने की ओर ही, आदि के अनुरूप। यदि कथित शर्त का पालन किया जाना किन्हीं कारणों से संभव न हो तो पुनर्विकसित इकाईयों को आपसी सहमती से अथवा लॉटरी के माध्यम से, प्रभावित लाभार्थियों/हितग्राहियों की पूर्व सहमति प्राप्त किए जाने बाद की ही पुनर्विकास परियोजना को प्रारंभ किया जा सकता है।

4.10 समान्य रूप से, समस्त पुनर्विकास परियोजनाओं में, भूतल को अनिवार्य रुप से पार्किंग तल (parking floor) बनाया जाएगा। अतएव, भूतल पर कोई निवास इकाई प्रस्तावित नहीं की जाएगी। भूतल पर निवास कर रहे लाभार्थियों/हितग्राहियों को प्रथम तल पर स्थानान्तरित किया जाएगा। इसी प्रकार,

इससे ऊपर के तलों के रहवासियों को क्रमशः विद्यमान तल से एक तल ऊपर की ओर स्थानान्तरित किया जा सकेगा।

4.11 इस नीति के अधीन पुनर्विकास हेतु पंक्तिनुमा भवनों (row houses) {जो अलग–थलग (detached) हों या अर्द्ध अलग–थलग (semi-detached) हों} जो कि आवास योजना का हिस्सा है का पुनर्विकास किया जा सकेगा यदि पंक्तिनुमा भवनों के स्वामियों की सहमति हो तो।

5. पुनर्विकास मॉडल (Redevelopment Model)

5.1 आवासीय योजनाओं के पुनर्विकास हेतु चार विभिन्न मॉडल निम्नानुसार है :

एक. सार्वजनिक आवासीय योजना के पुनर्विकास हेतु क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा जन–निजी भागीदारी पद्धति (PPP Mode) के आधार पर ;

दो. सार्वजनिक आवासीय योजना का पुनर्विकास क्रियान्वयन अभिकरण के द्वारा जो विकासकर्ता के रूप में क्रियान्वयन कर रहा हो; तथा

तीन. निजी आवासीय योजना हेतु रहवासी कल्याण संघ द्वारा स्व–पुनर्विकास (self-redevelopment)।

5.2 आवास योजना पुनर्विकास के घटकः

5.2.1 पुनर्विकास में निम्नलिखित दो घटक हो सकते हैं:

एक.– विद्यमान आवास योजना की आवासीय इकाइयों का पुनर्विकास, अर्थात पुनर्विकास इकाइयां।

दो– प्रतिपूरक घटक (Compensatory Component - CC)

5.2.2 उपरोक्त घटकों के अतिरिक्त परियोजना में पुनर्विकास परियोजना के लिए भूमि और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल होगा।

5.2.3 नीति के अधीन ऐसे प्रकरणों में जहां पुनर्विकास परियोजना के अन्तर्गत सार्वजनिक आवास योजना के लिए प्रतिपूरक घटक (CC) वित्तीय व्यवहार्यता (financial viability) प्राप्ति हेतु पर्याप्त न हों, वहां निम्न उपाय अपनाए जा सकेंगे :

एक. प्रतिपूरक घटक (CC) के भूमि उपयोग को वाणिज्यिक (कामर्शियल) उपयोग में परिवर्तित किया जा सकेगा तथा लाभाथियों/हितग्राहियों को अन्य चिन्हांकित भूमि संवेष्टन (पार्सल) पर पुनर्विकसित इकाईयां प्रदान की जा सकेगी यदि उसी स्थान पर बनने वाली पुनर्विकसित इकाईयों में समाविष्ट नही किया जा सकेगा तो, ऐसे मामलों में पुनर्विकास हेतु लाभार्थियों/हितग्राहियों से परियोजना स्थल से स्थानांतरित होने के लिए सहमति प्राप्त करना तथा साधिकार समिति (Empowered Committee) से भू–उपयोग उपान्तरण हेतु अनुमोदन लेना आवश्यक होगा। साधिकार समिति से भू–उपयोग उपान्तरण हेतु अनुमोदन के पश्चात् म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम–1973 के प्रासंगिक अनुभाग के अनुसार भू–उपयोग उपान्तरण कराया जाना आवश्यक होगा।

दो. अथवा, लाभार्थियों/हितग्राहियों के द्वारा अंशदान प्रदान करने हेतु अनुरोध किया जाए । ऐसा केवल लाभार्थियों/हितग्राहियों की सहमति प्राप्त करने तथा साधिकार समिति के अनुमोदन पश्चात् किया जा सकेगा।

5.3 विद्यमान सार्वजनिक आवासीय योजना का पुनर्विकास (Redevelopment of existing Public Housing Scheme)

5.3.1 सभी लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयां का आवंटन किया जाएगा।

5.3.2 आवासीय श्रेणी हेतु हितग्राहियों के लिए प्रस्तावित पुनर्विकसित इकाईयों का क्षेत्रफल कम से कम विद्यमान फर्श क्षेत्रफल अथवा निर्मित क्षेत्रफल के बराबर रखा जाएगा।

5.3.3 गैर आवासीय श्रेणी हेतु (वाणिज्यिक श्रेणी को सम्मिलित करते हुए) हितग्राहियों के लिए प्रस्तावित पुनर्विकसित इकाईयों का क्षेत्रफल कम से कम विद्यमान फर्श क्षेत्रफल अथवा निर्मित क्षेत्रफल के बराबर रखा जाएगा।

5.3.4 इस नीति के अधीन पुनर्विकसित इकाईयों हेतु अतिरिक्त निर्मित क्षेत्रफल प्रस्तावित किया जा सकता है, यदि परियोजना का स्थान अच्छा एवं पुनर्विकास परियोजना व्यवहार्य है। पुनर्विकसित इकाईयों हेतु अतिरिक्त निर्मित क्षेत्रफल की मात्रा को परियोजना के स्पेसिफिकेशन (Project specifications), वित्तीय व्यवहार्यता (financial viability) एवं रहवासी कल्याण संघ और विकासक की आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा।

5.3.5 कण्डिका 5.2.3 में उल्लेखित प्रकरणों एवं को कण्डिका 8.6.3 में उल्लेखित घटक को छोड़कर, पुनर्विकसित इकाईयों को लाभार्थियों/हितग्राहियों को बिना किसी वित्तीय देयता (Financial liability) के हस्तान्तरित किया जाएगा।

5.4 प्रतिपूरक घटक (Compensatory Component)

5.4.1 प्रतिपूरक घटक दो प्रकार के हो सकते हैं:

एक. आवासीय या वाणिज्यिक इकाईयों के रूप में ; और/या

दो. भूमि संवेष्टन (land parcel) के रूप में।

5.4.2 विद्यमान आवासीय इकाईयों के पुनर्विकास पश्चात् अवशेष तल क्षेत्र अनुपात (Balance FAR) को विकासकर्ता द्वारा प्रतिपूरक घटक (CC) के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रतिपूरक घटक का उपयोग पुनर्विकास परियोजना के समस्त घटकों हेतु निधि (funds) के सृजन के लिये किया जाएगा।

5.4.3 यदि इस नीति के अधीन उल्लेख न किया गया हो तो प्रतिपूरक घटक को प्रयोज्य विकास नियन्त्रण विनियमों के अधीन अनुज्ञेय किये गये अनुसार विकसित किया जाएगा।

5.4.4 प्रतिपूरक घटक (CC) की बिक्री हेतु विकासकर्ता उत्तरदायी होगा।

5.4.5 यदि मूल पट्टा शर्त में स्वीकार्य हो तो विकासकर्ता प्रयोज्य वैधानिक प्रावधानों के अनुसार प्रतिपूरक घटकों को उप–पट्टे (sub lease) या उप–भाड़े (Sub let) पर आवंटित कर सकेगा, यद्यपि, यदि इन्हें विकासकर्ता को हस्तान्तरित न किया जाए तो भूमि स्वामित्व के अधिकार

मूल पट्टाधारी (lessee) द्वारा धारित रखे जाएंगे। तथापि, यदि भूमि को विकासकर्ता को भू–स्वामी अधिकारी या पूर्ण स्वामित्व (फ्री होल्ड) आधार पर हस्तान्तरित किया जाए तो विकासकर्ता प्रयोज्य विनियमों के अध्यधीन अपनी आवश्यकताओं के अनुरूप प्रतिपूरक घटक का उपयोग करने हेतु स्वतन्त्र होगा।

5.4.6 यदि प्रतिपूरक घटकों (CC) को क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा विकसित किया जाए तो वही संस्था स्वयं प्रतिपूरक विक्रय धटकों को निर्मित क्षेत्र (built up area) या भूमि संवेष्टन (पार्सल) के रूप में विक्रय करने हेतु उत्तरदायी होगी।

5.4.7 विकासक (Developer) प्रतिपूरक घटक स्थानांतरित होने के पश्चात प्रतिपूरक घटक के पूरे या उसके हिस्से को बंधक (Mortgage) रख सकता है।

6. प्रक्रिया (Approach)

6.1 किसी भी पुनर्विकास परियोजना के क्रियान्वयन में निम्न प्रक्रिया अपनाई जाएगी :

एक. रहवासी कल्याण संघ (RWA) या सार्वजनिक एजेंसी द्वारा पुनर्विकास परि़ोजना को चिन्हांकित करना।

दो. पुनर्विकास परियोजना शुरू करने के लिए रहवासी कल्याण संघ (RWA) से सहमति प्राप्त करना। यदि रहवासी कल्याण संघ (RWA) का गठन नहीं होता है, तो रहवासी कल्याण संघ (RWA) के गठन की प्रक्रिया शुरू करें।

तीन. यह सुनिश्चित करना कि वह भूमि जिस पर आवासीय योजना का निर्माण किया गया है, समस्त बाधाओं से मुक्त है, भूमि अधिकार पूर्ण स्वामित्व (फ्री होल्ड) या भू–स्वामी अधिकारों (land ownership rights) से युक्त है, रहवासी कल्याण संघ (RWA) के विरूद्ध पट्टा भाड़ा (लीज रेन्ट)/विकास प्रभारों (development charges), आदि का भुगतान लम्बित नहीं है, तथा नगरीय निकाय को अद्यतन देय समस्त करों का भुगतान किया जा चुका है।

चार. निजी आवासीय योजना के प्रकरण में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विकासकर्ता द्वारा योजना को नगरीय निकाय (ULB) या रहवासी कल्याण संघ (RWA) को हस्तान्तरित की जा चुकी है।

पांच. पुनर्विकास की प्रक्रिया को प्रारंभ करने हेतु रहवासी कल्याण संघ द्वारा भवन के जीवनकाल /जीण–शीर्ण भवन होने के रूप में इसकी स्थिति के बारे में अनुमति/प्रमाणीकरण नगरीय निकाय से प्राप्त करना।

छः. पुनर्विकास परियोजना हेतु पूर्व–संभाव्यता (pre-fesibility report) तथा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करना।

सात. पुनर्विकास परियोजना तथा इसके घटकों हेतु लाभार्थियों/हितग्राहियों से सहमति प्राप्त करना।

आठ. यदि सार्वजनिक प्राधिकरण विकासकर्ता की भूमिका का निर्वहन करे तो जन–निजी भागीदारी विकासकर्ता (PPP developer) या निर्माण अभिकरण (construction agency) की नियुक्ति करना।

नौ. पुनर्विकास परियोजना हेतु त्रिपक्षीय अनुबंध हस्ताक्षर करना।

दस. लाभार्थियों/हितग्राहियों को पारगमन आवासीय सुविधा (transit accomodation) उपलब्ध कराते हुए उन्हें पुनर्स्थापित करना अथवा क्षेत्र में प्रचलित भाड़ा दरों के बराबर दर पर वित्तीय प्रतिपूर्ति (compensation) प्रदान करना।

ग्यारह. विद्यमान निवास इकाईयों का पुनर्विकास एवं प्रतिपूरक घटक के भाग का हस्तांतरण (यदि भूमि पार्सल के रूप में है)।

बारह. निवास इकाईयों को लाभार्थियों/हितग्राहियों को हस्तान्तरित करना तथा पूर्ण प्रतिपूरक घटक (CC) का हस्तांतरण करना ।

तेरह. प्रतिपूरक घटक को विकसित तथा विक्रय करना।

7. क्रियान्वयन (Implementation)

7.1 क्रियान्वयन अभिकरण (Implementing Agency) द्वारा जन–निजी भागीदारी पद्धति (PPP Mode) के अनुसार सार्वजनिक आवासीय योजना के पुनर्विकास की प्रक्रिया को निम्नानुसार प्रवर्तित किया जा सकेगा :

7.1.1 सार्वजनिक आवासीय योजना के रहवासी कल्याण संघ (RWA)/लाभार्थियों/हितग्राहियों की पंजीकृत रहवासी समिति (सोसायटी) संबद्ध सार्वजनिक प्राधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करेगी या फिर शासकीय प्राधिकरण (public authority) (जो क्रियान्वयन अभिकरण के रूप में क्रियान्यन करेगा) पात्र सार्वजनिक आवासीय परियोजना का पुनर्विकास प्रस्तावित कर सकेगा।

7.1.2 उपरोक्तानुसार कण्डिका 5.1 के खण्ड एक/दो में उलेखित किसी भी प्रकरण में रहवासी कल्याण संघ/ पंजीकृत रहवासी समिति (सोसायटी) को पुनर्विकास परियोजना के लिए अपने समस्त सदस्यों अर्थात् लाभार्थियों/हितग्राहियों के न्यूनतम 51 (सार्वजनिक आवासीय व्यवस्था के प्रकरण में) प्रतिशत सदस्य संख्या का अप्रतिसंहरणीय (irrevocable) अनुमोदन/सहमति का संकल्प पारित करना होगा । यह सहमति परियोजना शुरू करने के लिए आवश्यक होगी

7.1.3 औपचारिक सहमति प्राप्त करने के पश्चात् संबंधित सार्वजनिक प्राधिकरण क्रियान्वयन अभिकरण के रूप में क्रियान्वयन करेगा तथा प्रारंभिक परियोजना (PPR) प्रस्ताव तैयार करेगा तथा विकास की पद्धति के बारे में निर्णय लेगा, अर्थात्, क्या क्रियान्वयनअभिकरण जन–निजी भागीदारी पद्धति (PPP Mode) के अनुसार एक निजी विकासकर्ता की नियुक्ति करेगा या फिर स्वयं विकासकर्ता के रूप में कार्य करेगा। ऐसे प्रस्ताव को तत्पश्चात् क्रियान्वयन अभिकरण के बोर्ड द्वारा या सक्षम

समिति/प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। प्रारंभिक परियोजना प्रस्ताव में निम्न बिन्दुओं को सम्मिलित किया जाएगा :

एक. रहवासी कल्याण संघ/पंजीकृत रहवासी समिति (सोसायटी) की सहमति।

दो. सक्षम प्राधिकरण, जैसे कि नगरीय निकाय इत्यादि से प्राप्त प्रमाण पत्र में संरचना को जीर्ण--शीर्ण घोषित किया जाता है या कार्यान्वयन एजेंसी से घोषणा की जाती है कि योजना के अन्तर्गत भवनों के पुनर्विकास पर विचार करने का प्रस्ताव है क्योंकि विद्यमान योजना दस्तावेजों के साथ 30 वर्ष से अधिक पुरानी है।

तीन. परियोजना स्थल का विवरण, इसकी अवस्थिति, पहुंच मार्ग, विद्यमान भूमि उपयोग, कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार, भूमि कदरें, उपयोग किया गया तल क्षेत्र अनुपात (FAR), प्रयोज्य विनियम के अनुसार उच्चतम अनुज्ञेय तल क्षेत्र अनुपात (FAR), भवन की ऊंचाई, तलों (Floors) की संख्या, उपलब्ध पार्किंग व्यवस्था, अन्य वांछित जानकारी।

चार. लाभार्थियों/हितग्राहियों की सूची तथा अनुमोदित फर्श या निर्मित क्षेत्रफल (carpet or built-up area)।

पांच. परियोजना हेतु वांछित वैधानिक अनुमोदनों की सूची।

छः. प्रयोज्य लोक निर्माण विभाग की दरों के संदर्भ में विद्यमान निवास इकाईयों के पुनर्विकास हेतु लागत प्राक्कलन, पुनर्विकास हेतु प्रस्तावित प्रोत्साहन फर्श या निर्मित क्षेत्रफल (Additional carpet or built-up area) को सम्मिलित करते हुए।

सात. परियोजना कार्यों के क्रियान्वयन हेतु व्यय की जाने वाली राशि का प्राक्कलन।

आठ. आरक्षित मूल्य (Reserve Price), अर्थात् पुनर्विकास परियोजना की लागत, वैधानिक अनुमोदन (statutory approval) व्यय, पारगमन आवासीय व्यय (transit accomodation expense) (अधिकतम तीन वर्षों तक किराया), पर्यवेक्षण शुल्क (Supervision Charges) (पुनर्विकास परियोजनालागत के 6 प्रतिशत के बराबर) एवं परामर्श शुल्क (consultancy charges (पुनर्विकास परियोजना लागत के 3 प्रतिशत के बराबर) के योग के बराबर।

नौ. परियोजना की वित्तीय व्यवहार्यता (financial viability) के प्रतिपादन हेतु प्रतिपूरक घटक (CC) हेतु प्रस्तावित निर्मित क्षेत्रफल या भूमि क्षेत्रफल।

दस. अन्य कोई जानकारी, जो आवश्यक हो।

7.1.4 यदि निजी विकासकर्ता की नियुक्ति की जानी है तो कार्यान्वयन एजेंसी को परियोजना के लिए तकनीकी–आर्थिक व्यवहार्यता (Techno-Economic Feasibility) अध्ययन करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करना चाहिए।

7.1.5 कार्यान्वयन एजेंसी चुनाव आयोग की समीक्षा के लिए अपनी सिफारिश के लिए राज्य स्तरीय परियोजना समिति (SLPC) को प्रारंभिक परियोजना प्रस्ताव (PPR) और व्यवहार्यता अध्ययन प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, ईसी के अनुमोदन के अनुसार कार्यान्वयन एजेंसी आगे बढ़ेगी।

7.1.6 साधिकार समिति (EC) से अनुमोदन पश्चात कार्यान्वयन एजेंसी निजी विकासकर्ता के चयन हेतु ई–निविदाएं (e-tenders) आमंत्रित करेगा तथा निविदा के अनुमोदन हेतु पारदर्शी प्रक्रिया अपनायेगा।

7.1.7 निजी विकासकर्ता के चयन हेतु मापदण्ड (bidding criteria) आरक्षण मूल्य (reserve price) जैसा कि इसे कण्डिका 7.1.3, आठ में परिभाषित किया गया है, से अधिक दी गई उच्चतम अधिमूल्य (प्रीमियम) रहेगा।

7.1.8 कंडिका 7.1.5 मे परिभाषित अधिमूल्य (premium) राशि का 50% पुनर्विकसित इकाइयों के रख–रखाव एवं संधारण के लिए कॉर्पस राशि (Corpus amount) के रूप में रहवासी कल्याण संघ (RWA) को हस्तांतरित किया जाएगा और शेष 50% अधिमूल्य (premium) को सरकारी एजेंसी (जिसके पास भूमि का स्वामित्व है।) को हस्तांतरित किया जाएगा।

7.1.9 जन–निजी भागीदारी (PPP) विकासकर्ता के चयन के लिए पात्रता कको मध्यप्रदेश पुनर्धनत्वीकरण नीति, 2022 के मानदंड और उसके बाद संशोधनों के अनुसार परिभाषित किया जाएगा। विकासकर्ता की पात्रता मानदंड को निविदा एवं परियोजना की आवश्यकताओं के अनुसार संशोधित किया जा सकता है।

7.1.10 एकल बोली (single bid), नकारात्मक बोली (negative bidding) या बोली–विहीन (no-bids) जैसे प्रकरणों में (बोली प्रक्रिया के न्यूनतम दो प्रयासों तथा व्यापक प्रचार–प्रसार पर विचार करते हुए) क्रियान्वयन अभिकरण परियोजना के क्रियान्वयन हेतु विकासकर्ता के रूप में कार्यवाही करने पर विचार कर सकेगा, तथापि, यदि परियोजना को वित्तीय रूप से व्यावहारिक नहीं पाया जाता है तो लाभार्थियों/हितग्राहियों को अंशदान प्रदान करने हेतु अनुरोध किया जा सकेगा। ऐसा न होने पर क्रियान्वयन अभिकरण के पास कथित पुनर्विकास परियोजना से बाहर निकलने के विकल्प का प्रयोग करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

7.1.11 विकासकर्ता के चयन उपरांत रहवासी कल्याण संघ (RWA), क्रियान्वयन अभिकरण तथा विकासकर्ता के मध्य पुनर्विकास अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये जायेगें।

7.1.12 विकासकर्ता द्वारा पुनर्विकास हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार किया जायेगा।

7.1.13 लाभार्थियों/हितग्राहियों को विस्तृत परियोजना तथा पारगमन आवासीय व्यवस्था (transit accomodation) या भाड़े पर की गई आवासीय व्यवस्था (rentals) से अवगत कराया जाना चाहिए।

7.1.14 कार्यान्वयन अभिकरण के साथ विकासकर्ता द्वारा पुनर्विकास परियोजना से संबंधित समस्त वैधानिक अनुमोदन प्राप्त किये जायेगें।

7.1.15 यदि पुनर्स्थापना (relocation) किया जाना आवश्यक हो तो समस्त लाभार्थियों/हितग्राहियों को इस हेतु पारगमन आवासीय व्यवस्था (transit accomodation) या सम्मत भाड़ा व्यवस्था (agreed rentals) की पात्रता होगी।

7.1.16 लाभार्थियों/हिग्राहियों की पुनर्स्थापना के पश्चात्, विकासकर्ता को पुनर्विकास परियोजना हेतु निर्माण कार्य प्रारंभ करना होगा तथा इसे निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण करना होगा।

7.1.17 अनुबंधानुसार, पुनर्विकास परियोजना के निर्माण कार्य की निश्चित मात्रा के पूर्ण होने पर, विकासकर्ता पुनर्विकास परियोजना के लिए पूर्ण किये गये कार्य के मूल्य के बराबर प्रतिपूरक घटक (CC) के हस्तानान्तरण के लिए पात्र होगा।

7.1.18 विकासकर्ता प्रतिपूरक घटक (CC) के अधीन विकास तथा इकाईयों के पंजीकरण हेतु अनुरोध भूमि के हस्तान्तरण हेतु अनुरोध कर सकेगा। इस हेतु उसे पूर्ण किये गये कार्य की मात्रा घोषित करते हुए क्रियान्वयन अभिकरण को औपचारिक लिखित अनुरोध प्रस्तुत करना होगा।

7.1.19 प्रतिपूरक घटक (CC) के अधीन निर्मित की गई इकाईयों हेतु समापन प्रमाण–पत्र (completion Certificate), लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयो के हस्तानान्तरण करने एवं कार्यान्वयन ऐजेंसी को बोली अधिमूल्य (bid premium) जमा करने के पश्चात् ही अनुमति दी जावेगी।

7.2 क्रियान्वयन अभिकरण जो विकासकर्ता के रूप में कार्य करता हो, द्वारा सार्वजनिक आवासीय योजना के पुनर्विकास की प्रक्रिया को निम्नानुसार प्रवर्तित किया जा सकेगा :

7.2.1 परियोजना को चिन्हांकित करना तथा इस नीति की कण्डिका क्रमांक 7.1.1 तथा 7.1.2 के अनुसार लाभार्थियों/हितग्राहियों से सहमति प्राप्त करना।

7.2.2 क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा कण्डिका 7.1.3 में उल्लेखित विवरणों के अनुसार एक प्रारंभिक परियोजना (PPR) प्रस्ताव तैयार करेगी जिसे लोक प्राधिकरण के बोर्ड या सक्षम समिति/प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

7.2.3 कार्यान्वयन एजेंसी चुनाव आयोग की समीक्षा के लिए अपनी सिफारिश के लिए प्रारंभिक परियोजना प्रस्ताव (PPR) को राज्यस्तरीय परियोजना समिति (SLPC) को प्रस्तुत करेगी। इसके अलावा, ईसी के अनुमोदन के अनुसार कार्यान्वयन एजेंसी आगे बढ़ेगी।

7.2.4 साधिकार समिति (EC) उपरांत कार्यान्वयन ऐजेंसी द्वारा तकनीकी सलाहकार की नियुक्ति की जा सकती है, तकनीकी सलाहकार के निम्नलिखित कार्य शामिल है :

एक. इसके विस्तार क्षेत्र में स्थल सर्वेक्षण, विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) तैयार करना, वैधानिक अनुमोदन, रूपांकन, आरेखणों (ड्राईंग) का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु आवेदन तैयार करना, तथा अन्य संबंधित कार्य सम्मिलित होंगे।

दो. तकनीकी परामर्शदाता की नियुक्ति गुणवत्ता सह लागत आधार (QCBS) पर बोली प्रक्रिया के अनुसार ई–निविदा (e-tender)के माध्यम से की जाएगी।

तीन. निविदा प्रलेख (tender document) में कार्य के विस्तृत विस्तार क्षेत्र को परिभाषित किया जाएगा।

चार. तकनीकी परामर्शदाता के प्रमुख विशेषज्ञ निम्नानुसार होने चाहिए : वास्तुकार (architect), नियोजक (planner), सिविल अभियन्ता (Civil Engineer), विद्युत अभियन्ता (electrical Engineer), संरचना अभियन्ता (Structural Engineer), वित्तीय विशेषज्ञ (financial expert), संविदा विशेषज्ञ (contract expert), तथा अन्य कोई वांछित तकनीकी विशेषज्ञ।

पांच. . यदि आवश्यक हो तो क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा निर्माण पर्यवेक्षण कार्य को तकनीकी परामर्शदाता के विस्तार कार्यक्षेत्र में सम्मिलित किया जा सकेगा।

छः क्रियान्वयन अभिकरण प्रमुख विशेषज्ञों का अन्तिम आवश्यकतानुसार तथा परियोजना की आवश्यकता के अनुरूप चयन कर सकेगा।

7.2.5 परियोजना घटकों और परागमन आवासीय व्यवस्था (transit accomodation) अथवा भाड़ा व्यवस्था (rentals) को अन्तिम रूप देने हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (DPR) का लाभार्थियों को सूचित किया जाना चाहिए।

7.2.6 क्रियान्वयन अभिकरण विकासकर्ता के रूप में कार्य करेगा, अतएव वह संबंधित समस्त वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने तथा विद्यमान आवासीय व्यवस्था को पुनर्विकसित करने तथा प्रतिपूरक घटक (CC) को विकसित करने हेतु भी उत्तरदायी होगा।

7.2.7 क्रियान्वयन अभिकरण परियोजना के द्वारा क्रियान्वयन तथा निर्माण अथवा पुनर्विकास कार्य निर्माण अभिकरण (एजेन्सी) को नियुक्त किया जाएगा।

7.2.8 लाभार्थियों/हितग्राहियों की पुनर्स्थापना पारगमन आवासीय व्यवस्था (transit accomodation) के माध्यम से की जाएगी। या फिर इसके लिये उन्हें भाड़े की सुविधा (rentals) उपलब्ध कराई जाएगी।

7.2.9 लाभार्थियों/हितग्राहियों की पुनर्स्थापना के तुरन्त बाद क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा विद्यमान इकाईयों के पुनर्विकास हेतु निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

7.3 रहवासी कल्याण संघ के द्वारा निजी आवासीय योजना के स्व–पुनर्विकास हेतु प्रक्रिया

7.3.1 नीति के अधीन, यदि परियोज़ना कण्डिका 4 में उल्लेखित शर्तों के अनुसार पात्रता रखती हो तो निजी आवासीय योजनाओं को निजी विकासकर्ता या निर्माण अभिकरण की नियुक्ति के माध्यम से स्व–पुनर्विकास (self-redevelopment) हेतु अनुमति प्रदान की जा सकती है।

7.3.2 ऐसे समस्त अनुरोधों पर केवल उसी दशा में विचार किया जाएगा जब रहवासी कल्याण संघ (RWA)/पंजीकृत रहवासी समिति (सोसायटी) के लाभार्थियों/हितग्राहियों द्वारा अपने सदस्यों अर्थात्, पुनर्विकास परियोजना के लाभार्थियों/हितग्राहियों से न्यूनतम 65 प्रतिशत सदस्य संख्या का अप्रतिसंहरणीय (irrevocable) अनुमोदन का संकल्प पारित किया जा चुका हो।

7.3.3 ऐसी पुनर्विकास परियोजना हेतु पुनर्विकास अनुबन्ध निजी विकासकर्ता तथा निजी आवासीय योजनाओं के रहवासी कल्याण संघ के मध्य निष्पादित तथा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

7.3.4 ऐसे प्रकरण में पुनर्विकास योजना को विद्यमान आवासीय योजना के स्थल (परियोजना भूमि का क्षेत्रफल कम या ज्यादा किया जा सकता है यदि रहवासी कल्याण संघ के सदस्यों की सहमति हो

तो) पर ही प्रस्तावित की जावेगी तथा समस्त लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकास परियोजना में पुनर्विकसित इकाईयां आवंटित की जावेगी। रहवासी कल्याण संघ यह निगरानी करने हेतु उत्तरदायी होगा कि विकासकर्ता द्वारा सम्मत निबन्धन तथा शर्तों के अनुसार ही लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयां हस्तांतरित की जाएं।

7.4.5 अन्य समस्त कदमों का अनुसरण नीति के अनुरूप अथवा रहवासी कल्याण संघ (RWA) तथा निजी विकासकर्ता के मध्य पुनर्विकास अनुबन्ध के अनुसार किया जाएगा।

7.4.6 रहवासी कल्याण संघ (RWA) लाभार्थियों/हितग्राहियों के हितों की सुरक्षा हेतु उत्तरदायी होगा तथा इस बात की भी निगरानी करेगा कि पुनर्विकास योजना का क्रियान्वयन पुनर्विकास अनुबन्ध में सम्मत शर्तों के अनुसार किया जा रहा है।

7.4.7 यदि रहवासी कल्याण संघ आवश्यक समझे तो उसके द्वारा बैंक के माध्यम से वित्त प्रबन्धन (financing) के विकल्प का उपयोग किया जा सकेगा।

8. सामान्य प्रावधान (General Provisions)

8.1 समय–सीमाएं (Timelines)

8.1.1 यह सुझाव दिया जाता है कि क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा निजी विकासकर्ता या निर्माण अभिकरण की नियुक्ति रहवासी कल्याण संघ (RWA)/रहवासी समिति (सोसायटी) से सहमति प्राप्त करने की तिथि से 12 माह के भीतर निर्धारित की जाए।

8.1.2 लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयां उनकी पुनर्स्थापना तिथि (Relocation date) से 36 माह के भीतर हस्तान्तरित कर दी जानी चाहिए।

8.1.3 यदि नियुक्ति दिनांक से 12 माह के भीतर अनुमोदनों के अनुसार परियोजना का क्रियान्वयन नहीं किया जाता है अथवा पुनर्विकसित इकाईयों के निर्माण हेतु भूमि नहीं सौपी जाती है तो क्रियान्वयन अभिकरण तथा रहवासी कल्याण संघ परस्पर सहमति के पश्चात् निजी प्रबन्धकर्ता (private player) को परियोजना से पृथक होने की अनुमति प्रदान कर सकेंगे।

8.2 परागमन आवासीय व्यवस्था (Transit Accomodation)

8.2.1 वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात् लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयां हस्तान्तरित होने की अवधि तक पारगमन आवासीय व्यवस्था (transit accomodation) उपलब्ध कराई जाएगी।

8.2.2 भाड़ा राशि की प्रतिपूर्ति भी की जा सकती है जो कथित आवासीय योजना में प्रचलित भाड़ा राशि के बराबर होनी चाहिए या फिर जैसा कि इस बारे में रहवासी कल्याण संघ (RWA) तथा विकासकर्ता द्वारा परस्पर सहमति के आधार पर निर्धारित की जाए। भाड़ा राशियों का भुगतान लाभार्थियों/हितग्राहियों को पुनर्विकसित इकाईयों के पूर्ण होने तथा पुनर्विकसित इकाईयों की हस्तान्तरण अवधि तक देय होगा।

8.2.3 पारगमन आवासीय व्यवस्था या भाड़ा राशि की लागत को विकासकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

8.2.4 पुनर्स्थापना (relocation) चरणबद्ध ढंग अनुसार किया जा सकता है।

8.2.5 यदि पुनर्विकसित इकाईयों के हस्तान्तरण में विलंब किया जाता हो तो अर्थदण्ड की राशि उत्तरदायी पक्ष पर आरोपित की जाएगी जैसा कि इस बारे में हस्ताक्षरित अनुबन्ध में सम्मत किया गया हो।

8.3 वैधानिक अनुमोदन (Statutory Approvals)

8.3.1 आवासीय योजना की भूमि के स्वामित्व संस्था पुनर्विकास परियोजना के लिए वैद्यानिक अनुमोदन प्राप्त करने हेतु जिम्मेदार होगा एवं विकासकर्ता प्रतिपूरक घटक के लिए वैद्यानिक अनुमति प्राप्त करने हेतु जिम्मेदर होगा।

8.3.2 समस्त पुनर्विकास परियोजनाओं का रेरा में पंजीयन अनिवार्य होगा।

8.3.3 समस्त वांछित वैधानिक अनुमोदन लाभार्थियों/हितग्राहियों की पुनर्स्थापना (relocation) से पूर्व प्राप्त किये जाएंगे।

8.3.4 वैधानिक अनुमोदन प्राप्त करने हेतु क्रियान्वयन अभिकरण निजी विकासकर्ता को सहायता प्रदान करेगा।

8.3.5 पुनर्विकास परियोजनाओं में दिये जा रहे अतिरिक्त FAR (प्रभावशील लागू FAR से अतिरिक्त) हेतु अतिरिक्त FAR के मूल्य का 7 प्रतिशत पुनर्विकास शूल्क के रूप में लिया जावेगा, जो स्थानीय निकाय को दिया जावेगा। (पुनर्विकास शूल्क = अतिरिक्त FAR X भूखण्ड का क्षेत्रफल X प्रभावशील कलेक्टर गाईड लाइन दर X 7 %)

8.3.6 सरकारी विभाग जैसे नगरीय निकाय (ULBs), नगर तथा ग्राम निवेश (T&CP), राजस्व विभाग, वाणिज्यिक कर आदि के अन्तर्गत वैधानिक अनुमोदन प्रदान और कराधान (Taxation) हेतु जरूरी प्रावधान इस नीति के अनुसार किया जाना प्रस्तावित है।

8.4 संचालन एवं संधारण (Operation and Maintenance-O&M)

8.4.1 पुनर्विकसित इकाईयो के संचालन तथा संधारण की अवधि विकासकर्ता दायरे में होगा जिस पर रहवासी कल्याण संघ द्वारा दायित्व समापन प्रमाण–पत्र प्राप्त होने की तिथि से सहमति व्यक्त की जावेगी। तत्पश्चात् इसे रहवासी कल्याण संघ को हस्तान्तरित कर दिया जाएगा। संचालन एवं संधारण से संबंधित गतिविधियों/क्रियाकलापों को निविदा प्रपत्र तथा अनुबन्ध में परिभाषित किया जाएगा।

8.4.2 पुनर्विकसित इकाईयों का आधिपत्य हस्तान्तरण करते समय समस्त लाभार्थियों/हितग्राहियों पर संधारण राशि प्रभारित की जाएगी।

8.4.3 क्रियान्वयन अभिकरण को प्रस्तुत की गई पुनर्विकसित इकाईयों के बारे में संरचनात्मक स्थायित्व (structual stability) हेतु दोष–दायित्व अवधि (defect liability period) न्यूनतम पांच वर्ष होगी।

8.5 पुनर्विकास अनुबन्ध में निम्न बिन्दुओं को सम्मिलित किया जाना चाहिए :

विस्तृत निर्माण विशिष्टियां (Detailed Construction Specifications)

क) परियोजना निर्माण की समय–सीमाएं और पुनर्विकसित इकाईयों को लाभार्थियों/हितग्राहियों हस्तान्तरित करने की तिथि

ख) पुनर्विकास इकाईयों और पुनर्स्थापना योजना (Relocation Plan)f विवरण लाभार्थियों को दिया जाना।

ग) निष्पादन प्रत्याभूति (Performance Guarantee) (बोली मूल्य का न्यूनतम 05 प्रतिशत)

घ) परिसमापन क्षति हेतु प्रतिभूति निक्षेप (सुरक्षा निधि) (Security Deposit for Liquidated damages)

ङ) अर्थदण्डों को मानक निविदा प्रपत्र के अनुसार या इनसे उच्चतर स्तर पर, जैसा कि इनके बारे में सहमति प्राप्त की गई हो, परिभाषित किया जाएगा

8.6 पुनर्विकास परियोजनाओं की व्यवहार्यता में सुधार करने हेतु किये जाने वाले उपाय

8.6.1 मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल/नगरीय निकाय/शहरी विकास प्राधिकरण/नगर एवं ग्राम निवेश विभाग/संबंधित प्राधिकरण द्वारा एकल खिड़की द्रुतगामी अनुमोदन (Single Windows fast track approvals) प्रदान किये जाएंगे।

8.6.2 पुनर्विकास परियोजना एवं प्रतिपूरक घटक हेतु प्रयोज्य एकलबार नगरपालिका तथा राजस्व प्रभारों के भुगतान से छूट प्रदान की जा सकती है।

8.6.3 पुनर्विकास अनुबंध में उल्लेखित सभी लाभार्थीयों/हितग्राहियों को सम्बन्धित पुनर्विकास इकाई के लिए पंजीकृत कब्जा/स्वत्व प्रमाण पत्र, रू. 1000/– प्रति प्रमाण पत्र की कीमत पर पंजीकृत कब्जा प्रमाण पत्र जारी किया जाना प्रस्तावित है। हालांकि, पुनर्विकसित इकाई के अतिरिक्त क्षेत्र की रजिस्ट्री एवं प्रतिपूरक घटक पर निर्मित योग्य इकाईयों के लिए स्टाम्प डयूटी राज्य नियमों के अनुसार लागू की जायेगी।

8.6.4 परियोजना में सम्मिलित भूमि यदि लीज होल्ड है तो इस नीति के तहत पुनर्विकास अनुबंध होने के उपरांत कार्यान्वयन अधिकरण इसे लीज होल्ड से रहवासी कल्याण संघ (RWA) के पक्ष में भू–स्वामी अधिकार में परिवर्तित करने हेतु संबंधित तहसीलदार के समक्ष आवेदन कर सकेगें। लीज होल्ड से भू–स्वामी अधिकार में परिवर्तित करने हेतु निर्धारित शुल्क ऐसे प्रकरणों में देय नहीं होगा। इस संबंध में नजूल निवर्तन निर्देश में आवश्यक संशोधन किये जाये।

8.6.5 पुनर्विकास परियोजनाओं की पुनर्विकसित इकाईयों के लिए स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान की जा सकती है।

8.6.6 पुनर्विकास नीति के तहत ली जा रही परियोजनाओं में विकसकर्ता को मध्य प्रदेश नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 के नियम 10 के तहत एल.आई.जी./ई. डब्लयूएस/आश्रय शुल्क/अतिरिक्त आश्रय शुल्क जमा करने तथा नियम 13 के तहत संपत्ति बंधक रखना अथवा बैंक गारंटी प्रस्तुत करने से छूट रहेगी। इस संबंध में मध्य प्रदेश नगरपालिका (कॉलोनी विकास) नियम, 2021 में आवश्यक संशोधन किये जाये।

8.6.7 लाभार्थियों को पुनर्विकसित इकाइयों और रहवासी कल्याण संघ को साझा स्थानों के हस्तांतरण पर कोई शुल्क नहीं लगाया जाएगा।

8.6.8 पुनर्विकास नीति के तहत प्रस्तावित पुनर्विकास अनुबंध में विकासकर्ता अथवा कार्यान्वयन अधिकरण द्वारा विक्रय किये जाने वाली संपत्ति पर भी स्टाम्प ड्यूटी बाजार मूल्य का 5 प्रतिशत के स्थान पर 0.25 प्रतिशत होगा। इस संबंध में इंडियन स्टाम्प एक्ट में आवश्यक प्रावधान किये जाये।

8.6.9 एफएआर, ग्राउंड कवरेज और पुनर्विकास परियोजनाओं और प्रतिपूरक घटक के लिए वाणिज्यिक उपयोग के लिए प्रस्तावित उपायों को लागू विकास योजनाओं में संशोधित / शामिल किया जाएगा। प्रस्तावित उपाय निम्नलिखित हैं:

i. पुनर्विकास नीति के तहत ली जा रही परियोजनाओं में मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 के नियम 42 सारणी 4 एवं सारणी 5 में निर्धारित एफ.ए.आर. से 0.5 अतिरिक्त एफ.ए. आर. देय होगा तथा भू–तल कवरेज 40 प्रतिशत मान्य होगा। इस संबंध में मध्य प्रदेश भूमि विकास नियम 2012 एवं यथा आवश्यकता विकास योजनाओं में संशोधन किये जाए।

ii. पुनर्विकास परियोजनाओं में सुविधाजनक दुकानों हेतु कुल एफ.ए.आर. का 7.5 प्रतिशत होगा।

iii. यदि 7.5 प्रतिशत से अधिक या सम्पूर्ण तल क्षेत्र अनुपात (जिसका तात्पर्य भूमि उपयोग को वाणिज्यिक उपयोग में परिवर्तन से है) की आवश्यकता वाणिज्यिक गतिविधि हेतु प्रतिपादित की जाए, जिसके अनुसार पुनर्विकास कार्य को वित्तीय संभाव्य (financially viable) बनाया जा सके, वहां क्रियान्वयन अभिकरण को साधिकार समिति की अनुमति प्राप्त करने हेतु एक व्यवहार्यता प्रतिवेदन (feasibility report) प्रस्तुत किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत प्रतिवेशी अधोसंरचना तथा विकास पर प्रस्ताव के बारे में व्यावहारिक संभावनाओं तथा लाभार्थियों/हितग्राहियों के कथित भूमि संवेष्टन (पार्सल) को पुनर्स्थापित करने हेतु सहमति को सम्मिलित किया जाएगा। साधिकार समिति से भू–उपयोग उपान्तरण हेतु अनुमोदन के पश्चात् म.प्र.नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम–1973 के प्रासंगिक अनुभाग के अनुसार भू–उपयोग उपान्तरण करना होगा।

8.7 क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा परियोजना समापन प्रतिवेदन तैयार किया जाना चाहिए जिसमें परियोजना की संक्षेपिका (Summary), कुल व्यय तथा प्राप्तियां, समग्र प्रतिलाभ (overall return), परियोजना के पूर्ण करने में लगने वाला समय, प्रतिपूरक विक्रयघटक (CC) की बिक्री, परियोजना के क्रियान्वयन में समक्ष आई समस्याओं, सबक (learnings), आदि, संबंधी पहलुओं को सम्मिलित किया जाएगा। यदि आवश्यक समझा जाए तो इस प्रतिवेदन को राज्य स्तरीय परियोजना समिति (SLPC) द्वारा नीति के संशोधन के लिए उपयोग में लाया जा सकता है।

8.8 विकासकर्ता द्वारा परियोजना हेतु उपयुक्त निर्माण प्रौद्योगिकी का चयन किया जा सकता है। तथापि, इसे क्रियान्वयन अभिकरण द्वारा प्रमाणित किया जाना चाहिए।

8.9 सिविल तथा सामाजिक अधोसंरचना हेतु समस्त आन्तरिक विकास कार्यों पर व्यय को विकासकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

8.10 रुफ–टॉप सौर ऊर्जा व्यवस्था की स्थापना अधिकतम संभाव्य छत क्षेत्रफल में, मय ग्रिड संयोजन के की जानी चाहिए।

8.11 आन्तरिक के साथ–साथ बाह्य उपस्करों (फिक्सचर्स) में LED प्रकाश व्यवस्था का उपयोग अनिवार्य है।

9. **नियोजन मानदण्ड तथा रूपांकन विमर्श (Planning Norms and Design Considerations)**

9.1 तल क्षेत्र अनुपात (FAR) कुल भूखण्ड क्षेत्रफल (total plot area) पर लागू होगा।

9.2 दो या उससे अधिक निकटवर्ती एवं जुड़ी हुई, आवास योजनाओं को साथ जोड़कर एक पुनर्विकास परियोजना माना जा सकता है, अगर सभी आवास योजना इस नीति की कण्डिका 4.1 एवं 4.2 के अनुसार पुनर्विकास के लिए पात्र है। इसके अतिरिक्त इस प्रकार की पुनर्विकास परियोजनाओं हेतु सभी आवास योजनाओं की रहवासी कल्याण संघ की सहमति अनिवार्य होगी।

9.3 पुनर्विकास के लिए प्रस्तावित विद्यमान आवासीय योजना में विद्यमान सड़क खुले क्षेत्र एवं अन्य सुविधाओं की पुनः योजना बनाई जा सकती है, परन्तु प्रमुख सार्वजनिक समन्वय सड़कों को बनाया रखना।

9.4 यदि इस नीति में परिभाषित न किया गया हो तो विकास प्रतिपूरक घटक (CC) का निष्पादन राज्य सरकार के प्रचलित नियोजन मानदण्डों और/या भूमि विकास नियम, 2012 के अनुसार किया जाएगा। 9.5 पुनर्विकास परियोजना हेतु बाधा मुक्त (barrier free) तथा बच्चों के अनुकूल (children friendly) रूपांकन को सम्मिलित किया जाएगा।

9.6 परियोजना के अन्तर्गत भवन के रूपांकन में निःशक्तजनों के आवागमन की आवश्यकताओं हेतु उचित प्रावधान किया जाएगा, जैसे कि ढलान (रैम्प), रेलिंग (हैंडरेल्स), निःशक्तजनों हेतु पार्किंग व्यवस्था, आदि।

9.7 अग्नि सुरक्षा प्रावधान प्रयोज्य नियमों के अनुसार किये जाएंगे।

9.8 अग्नि तथा लिफ्ट अंकेक्षण नियमित रूप से निष्पादित किये जाएंगे।

10. **लाभार्थी/हितग्राही तथा आवंटन (Beneficiaries and Allotment)**

10.1 लाभार्थियों/हितग्राहियों को कण्डिका 3.5 में परिभाषित किया गया है।

10.2 आधिपत्य (possesion) प्राप्त करते समय लाभार्थियों/हितग्राहियों के विरूद्ध क्रियान्वयन अभिकरण को देय बकाया राशियों का भुगतान लम्बित नहीं होना चाहिए।

10.3 सार्वजनिक आवासीय योजना के प्रकरण में, पुनर्विकसित इकाईयों का आवंटन क्रियान्वयन अभिकरण के पर्यवेक्षण के अधीन आवंटन हेतु उनके द्वारा अनुसरण किये जा रहे मार्गदर्शक सिद्धान्तों के अनुसार या जैसा कि पुनर्विकास अनुबन्ध में सम्मत किया गया हो, किया जाएगा।

11. **रहवासी कल्याण संघ की भूमिका (Role of Resident Welfare Association)**

11.1 अपने सदस्यों की सहमति के माध्यम से पुनर्विकास प्रक्रिया को प्रारंभ करना।

11.2 प्रस्तावित पुनर्विकास परियोजना हेतु संभाव्यता प्रतिवेदन (Feasibility Report) तैयार करने हेतु रहवासी कल्याण संघ (RWA) परियोजना प्रबन्धन परामर्शी (Project Management Consultant-PMC) की नियुक्ति कर सकता है। रहवासी कल्याण संघ संभाव्यता प्रतिवेदन क्रियान्वयन अभिकरण को त्वरित संदर्भ हेतु प्रस्तुत कर सकता है।

11.3 पुनर्विकास के किसी विषय पर निर्णय हेतु किसी रहवासी कल्याण संघ के सदस्य की सहमति आयोजित बैठक उसकी भौतिक या ऑनलाइन उपस्थिति के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। रहवासी कल्याण संघ द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समस्त सदस्यों की प्रतिक्रिया प्राप्त कर ली जाए भले वह किसी प्रस्ताव के पक्ष में हो या उसके विरोध में।

11.4 पुनर्निर्माण परियोजना हेतु रहवासी कल्याण संघ की निर्णायक (decision making) बैठकों में रहवासी कल्याण संघ के समस्त सदस्य अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ऐसी समस्त बैठकों की कार्यवाही विवरण का अभिलेखन किया जाना चाहिए।

